


## मध्याह्न भोजन में लापरवाही पर कॉर्डिनेटर को बर्खास्त करने के निर्देश

**नवभारत न्यूज**
**श्योपुर, 17 दिसम्बर।** कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट अर्पित वर्मा द्वारा आज श्योपुर जिले के दूरस्थ क्षेत्र विजयपुर विकासखंड स्थित ग्राम कदवाई, मगरदह, उमरीकलां का भ्रमण किया गया तथा आंगनबाड़ी केंद्रों, स्कूलों, उप स्वास्थ्य केंद्रों, पीडीएस दुकानों आदि का निरीक्षण किया गया।

### डीपीओ, सीडीपीओ और सुपरवाइजर को नोटिस जारी

कदवई, मगरदेह क्षेत्र की आंगनबाड़ियों के निरीक्षण के दौरान बच्चे अनुपस्थित पाए तथा आंगनबाड़ी केंद्रों का संचालन नियमित रूप से किया जाना नही पाया गया, इसके साथ ही इस क्षेत्र के आंगनबाड़ी केंद्रों में विजयपुर से पके हुए भोजन की सप्लाई किये जाने के चलते जनपद पंचायत विजयपुर में समूहों का कार्य देखने वाले प्रभारी तथा एनआरएलएम के कॉर्डिनेटर संविदा पर पदस्थ बृजेश शर्मा को बर्खास्त करने के निर्देश दिए गए, साथ ही भोजन सप्लाई करने वाले धीरश्या स्व सहायता समूह का अनुबंध निरस्त करने की कार्यवाही की गई। इसके साथ ही संबंधित क्षेत्र की सेक्टर सुपरवाइजर श्रीमती रमा माहौर एवं सीडीपीओ सुश्री ज्योति चुतर्वेदी को निलंबित करने हेतु नोटिस जारी करने के निर्देश दिए गए। इस मामले में उचित मॉनिटरिंग नहीं करने के चलते महिला बाल विकास अधिकारी महेंद्र कुमार अम्ब को भी कारण बताओ नोटिस जारी किया जा रहा है।

उन्होंने मिडिल स्कूल कदवई के निरीक्षण के दौरान मिडिल स्कूल में कोई भी नियमित स्टॉफ के पदस्थ नहीं होने पर शिक्षा विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि आसपास के स्कूल से शिक्षक की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। निरीक्षण के दौरान पाया गया कि मिडिल स्कूल में बच्चों को पढ़ाने के लिए 3 अतिथि शिक्षक एवं प्रायमरी स्कूल में 2 शिक्षक पदस्थ है। मिडिल-प्रायमरी में दर्ज 35 बच्चे उपस्थित पाए जाने पर बच्चों की उपस्थिति बढ़ाने हेतु निर्देशित किया गया।

शासकीय माध्यमिक विद्यालय मगरदह के निरीक्षण के दौरान किचिन शेड के क्षतिग्रस्त मिलने पर मरम्मत कराये जाने के निर्देश जनपद के अधिकारियों को दिए गए। ग्राम में पीएम जनमन योजना अंतर्गत संचालित कार्यो की समीक्षा में 103 कुल आवासों में से 76 पूर्ण पाए गए, शेष को पूर्ण कराने के निर्देश पंचायत सचिव को दिए गए, गांव में खाद्यान्न विरतण को व्यवस्था का जायजा भी लिया गया।

ग्राम मगरदेह में आयुष्मान आरोग्य मंदिर के निरीक्षण के दौरान पाया गया कि स्टॉफ के अभाव में गत लगभग दो- ढाई माह से सब हेल्थ सेंटर बंद था तथा हाल ही में एएनएम की पदस्थी कर आज से ही सेंटर का फिर से नियमित संचालन शुरू कराया गया है। उमरी कलां में भी आंगनबाड़ी केंद्रों एवं आयुष्मान आयोग्य मंदिर का अवलोकन किया गया। आयुष्मान आरोग्य मंदिर के निरीक्षण के दौरान सीएच्ओ सहित अगरा पीएचसी के डॉ ऋषिराज आदि मौजूद रहे।

इस दौरान कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट अर्पित वर्मा द्वारा सब हेल्थ सेंटर उपचार के लिए आये ग्रामीणों से चर्चा कर स्वास्थ्य सेवाओं की जानकारी प्राप्त की गई तथा ओपीडी रजिस्टर का अवलोकन किया गया।

**आश्रम अधीक्षक को हटाने के निर्देश**

कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट अर्पित वर्मा द्वारा ग्राम उमरी कलां में शासकीय अनुसूचित जनजातिय बालक आश्रम का निरीक्षण किया गया तथा अव्यवस्थाएं पाए जाने पर अधीक्षक संजय सिंह धाकड़ को अधीक्षिकीय कार्य से मुक्त करने के निर्देश दिए गए। 50 सीटर बालक आश्रम में निरीक्षण के दौरान 36 बच्चे उपस्थित पाए गए।

**मध्याह्न भोजन मामले में जांच के निर्देश**

कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट अर्पित वर्मा द्वारा आंगनबाड़ी केंद्रों में विजयपुर से मध्यान्ह भोजन सप्लाई करने की विस्तृत जांच के निर्देश सीईओ जिला पंचायत सुश्री सौम्या आंनद को दिए है। कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट अर्पित वर्मा ने कहा है कि विस्तृत जांच के बाद इस मामले में दोषियों के विरुद्ध एफआईआर भी कराई जाएगी।

## जिला स्तरीय मास्टर ट्रेनर्स का प्रशिक्षण आयोजित

**नवभारत न्यूज**
**श्योपुर, 17 दिसम्बर।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री वर्मा के निर्देशानुसार एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत एवं नोडल अधिकारी प्रशिक्षण सुश्री सौम्या आनंद के मार्गदर्शन में पंचायत उप निर्वाचन वर्ष-2025 (उत्तरार्द्ध) हेतु नियुक्त किये गये जिला/खण्ड स्तरीय मास्टर ट्रेनर्स का प्रशिक्षण जिला पंचायत सभागार में आयोजित किया गया।

प्रशिक्षण प्रभारी राज कुमार पाराशर ने बताया कि पंचायत उप निर्वाचन वर्ष-2025 (उत्तरार्द्ध) हेतु नियुक्त किये गये जिलाध्खण्ड स्तरीय मास्टर ट्रेनर्स का प्रशिक्षण आयोजित किया गया, जिसमें ईव्हीएम का हेण्डसऑन प्रशिक्षण, मतदान दल द्वारा मतपत्र लेखा, पी.ओ. बुकलेट का भरा जाना, मोकपोल की कार्यवाही आदि के संबंध में बारिकी से जानकारी प्रदान की गई, प्रशिक्षण राज्य स्तरीय मास्टर ट्रेनर्स रमेश भारद्वाज, पी.जी. कॉलेज श्योपुर, सुशील दुबे, उ.मा.शि., शास. उत्कृष्ट उ.मा.वि. श्योपुर द्वारा प्रदाय किया गया।

इस अवसर पर जिला पंचायत से श्रीमती राजेश शर्मा पंचायत शाखा प्रभारी, उदय धाकड, जिला पंचायत उपस्थित रहे। पाराशर ने जानकारी दी कि मतदान दलों के प्रथम चरण का प्रशिक्षण 18 दिसंबर को पीजी कॉलेज श्योपुर में प्रात: 11.30 बजे से आयोजित होगा।




## रेडक्रॉस पदाधिकारियों के लिए चुनाव 20 को

**श्योपुर, 17 दिसंबर।** कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट श्री वर्मा द्वारा भारतीय रेडक्रॉस सोसायटी शाखा समिति नियम 2017 के प्रावधान अंतर्गत जिला रेडक्रॉस शाखा के पदाधिकारियों के निर्वाचन के लिए डिप्टी कलेक्टर बीएस श्रीवास्तव को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। इसके साथ ही पटवारी पुरुषोत्तम राठौर को सहायक बनाया गया है। रेडक्रॉस शाखा के पदाधिकारियों का निर्वाचन 20 दिसंबर को होगा।

## जिला विकास सलाहकार समिति की बैठक 19 को

**नवभारत न्यूज**
**श्योपुर, 17 दिसम्बर।** नवीन एवं नवकरणीय ऊर्जा मंत्री एवं श्योपुर जिले के प्रभारी मंत्री राकेश शुक्ला की अध्यक्षता में जिला विकास सलाहकार समिति की बैठक 19 दिसंबर को दोपहर 02 बजे से कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित की गई है।

जिला सांख्यकी अधिकारी गिर्राज शर्मा ने बताया कि राज्य सरकार के कार्यकाल के दो वर्ष पूर्ण होने पर राज्य शासन द्वारा जिले के विकास के लिए किये गये प्रयासों एवं उपलब्धियों इत्यादि से अवगत कराने तथा आगामी कार्य योजना पर विचार विमर्श करने के लिए प्रभारी मंत्री राकेश शुक्ला की अध्यक्षता में जिला विकास सलाहकार समिति की बैठक तथा प्रेस कॉन्फ्रेस का आयोजन किया जा रहा है।

## एक नजर में

### सुशासन सप्ताह 19 दिसंबर से , 19 स्थानों पर लगेंगे शिविर

**श्योपुर, 17 दिसंबर।** कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट श्री वर्मा के मार्गदर्शन में सुशासन सप्ताह अंतर्गत प्रशासन गांव की ओर अभियान 19 दिसंबर से 25 दिसंबर तक चलाया जा रहा है। सीईओ जिला पंचायत सुश्री सौम्या आनंद ने बताया कि उक्त अभियान के तहत 19 कलस्टर पर शिविर लगायें जायेंगे। इन शिविरों में कलस्टर अंतर्गत शामिल की गई, ग्राम पंचायतो के सचिव, रोजगार सहायक, आंगनबाडी कार्यकर्ता आदि मैदानी अमला उपस्थित रहेगा। शिविर के लिए नोडल अधिकारी भी नियुक्त किये गये है। उन्होंने जानकारी दी कि सुशासन सप्ताह अंतर्गत 19 स्थानों पर कलस्टर लेबल पर आयोजित शिविरो के माध्यम से विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ प्रदान करने के साथ ही लोक शिकायतों का निराकरण किया जायेगा। यह शिविर 19 दिसंबर को सोईकलां, बगवाज, रघुनाथपुर में, 20 दिसंबर को दांतरदा कलां, आवदा, वीरपुर में, 21 दिसंबर को अजापुरा, कराहल, अगरा में, 22 दिसंबर को पाण्डोला, खिरखिरी, खितरपाल में, 23 दिसंबर को रतोदन, गसवानी में, 24 दिसंबर को ललितपुरा, गोहटा में, 25 दिसंबर को प्रेमसर एवं टर्राकला में तथा 26 दिसंबर को मानपुर पंचायत मुख्यालयों पर आयोजित किये जायेगे। शिविर 11 बजे से 5 बजे तक आयोजित होंगे।

### विजयपुर से मिड डे मील सप्लाई को लेकर होगी सघन जांच : डीएम

**श्योपुर।** कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट अर्पित वर्मा द्वारा सीईओ जिला पंचायत को मध्यान्ह भोजन के प्रभारी ब्रजेश शर्मा को कार्य में लापरवाही बरतने पर पद से पृथक करने के निर्देश दिए गए। आंगनवाड़ी केन्द्रों में सुचारू व्यवस्था न होने पर महिला एवं बाल विकास विभाग के डीपीओ, सीडीपीओ एवं सुपरवाइजर को नोटिस देकर अगरा क्षेत्र के ग्रामों में विजयपुर से मिड डे मील सप्लाई होने पर जांच के निर्देश दिए हैं।

### लगातार अनुपस्थिति पर आंगनबाड़ी सहायिका सेवा से पृथक

**श्योपुर।** आंगनबाड़ी केन्द्र पाण्डोला ई में पदस्थ सहायिका श्रीमती भरोसी बाई को लगातार बिना सूचना के अनुपस्थित रहने एवं कार्य में लापरवाही के कारण सेवा से पृथक कर दिया गया है। महिला एवं बाल विकास विभाग के अंतर्गत विभिन्न निरीक्षणों में उनकी बार-बार अनुपस्थिति पाई गई। विभाग द्वारा कई बार कारण बताओ नोटिस जारी किए गए, किंतु कोई जवाब प्रस्तुत नहीं किया गया। अनुपस्थिति से केन्द्र की सेवाएं प्रभावित होने पर अनुविभागीय अधिकारी राजस्व के अनुमोदन से आदेश तत्काल प्रभाव से लागू किया गया है।

### नवीन एवं नवकरणीय ऊर्जा मंत्री शुक्ला का भ्रमण कार्यक्रम

**श्योपुर।** नवीन एवं नवकरणीय ऊर्जा मंत्री एवं श्योपुर जिले के प्रभारी मंत्री राकेश शुक्ला 19 दिसंबर को श्योपुर आयेगे तथा जिला स्तरीय जिला विकास सलाहकार समिति की बैठक की अध्यक्षता करेंगे। इसके साथ ही वे प्रेस कॉन्फ्रेस भी करेंगे। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार प्रभारी मंत्री श्री शुक्ला 18 दिसंबर को शाम 5 .10 बजे इंदौर से सवाई माधोपुर के लिए वाया ट्रेन रवाना होगें तथा रात्रि 12 .13 बजे सवाई माधोपुर पहुंचेगे और स्थानीय सर्किट हाउस में रात्रि विश्राम करेंगे। प्रभारी मंत्री श्री शुक्ला 19 दिसंबर को प्रात 09 बजे रणथम्बौर गणेश मंदिर के दर्शन के लिए रवाना होंगे, इसके उपरांत प्रात: 10 बजे श्योपुर के लिए प्रस्थान कर दोपहर 12 बजे श्योपुर सर्किट हाउस पहुंचेगे। प्रभारी मंत्री श्री शुक्ला दोपहर 02 बजे से कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में राज्य सरकार के दो वर्ष पूर्ण होने पर जिला विकास सलाहाकर समिति की बैठक लेंगे तथा प्रेस कॉन्फ्रेस करेंगे। प्रभारी मंत्री श्री शुक्ला सांय 6 .30 बजे श्योपुर से सवाई माधोपुर के लिए प्रस्थान करेंगे तथा रात्रि 9 .25 बजे सवाई माधोपुर रेलवे स्टेशन से रानी कमलापति रेलवे स्टेशन भोपाल के लिए प्रस्थान करेंगे।

### 6 माह पहले लगाए लाल निशान प्रशासन नहीं हटा पाया अतिक्रमण

**सबलगढ़।** पीडब्ल्यूडी विभाग और नगर पालिका की घोर लापरवाही के कारण अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई 10 माह से नहीं की जा रही है। जिससे सुनहरा हेड से लेकर श्रीराम मंदिर चौराहे तक वर्तमान में सीसी सड़क अधूरी डाली गई है। जिससे यह सड़क मानक से ठेकेदार ने करीब आधी ही डाली गई है आज स्थानीय निवासियों ने बताया गया है कि ठेकेदार ने 7 मीटर की चौड़ाई में मध्य में ही सड़क डाल दी गई है। जबकि पहले पीडब्ल्यूडी विभाग के ठेकेदार ने सुनहरा रोड पर करीब 14 .5 मीटर चौड़ी सड़क डालना चाहता था जिसका एस्टीमेट के अनुसार 7 मीटर चौड़ी सड़क के दोनों ओर दो-दो मीटर चौड़े शोल्डर और उसके बाद 1 .8 मी का दोनों जल निकासी के लिए नाला बनाया जाना है राजस्व प्रशासन और नगर पालिका द्वारा अतिक्रमण नहीं हटाये जाने के कारण यह सड़क काफी संकरी डाली गई है? स्थानीय नागरिक दिनेश सिंह जादौन का कहना ठेकेदार ने सड़क को बीच में ही 7 मीटर चौड़ा डाल दिया गया है सड़क की ऊंचाई अधिक है बगल में जगह छोड़ने से बड़े वाहनों से साइड लेने में आमजन को भारी परेशानी आ रही है कोई भी दुर्घटना हो सकती है ठेकेदार का कहना स्थानीय प्रशासन नगर पालिका एवं पीडब्ल्यूडी विभाग को अतिक्रमण हटाने के लिए कई पत्र लिखें है 10 माह बाद भी अतिक्रमण नहीं हटाया?? गया तय समय सीमा में सड़क बनाना मेरी जिम्मेदारी होने से जितनी जगह मिली उसमें सड़क डाल दी गई है पीडब्ल्यूडी विभाग के एसडीओ अभिनीत श्रीवास्तव कहना कि पिछले 10 माह से पदस्थ सीएमओ को कई बार फोन एवं पत्र व्यवहार किया है लेकिन नगर पालिका अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई नहीं कर रही है पहले भी हमने अतिक्रमण को चिन्हित किया था लेकिन 6 माह पहले नाप कर निशान लगाए हैं ,ताकि तय मानक अनुसार सड़क डाली जा सके।

## फोती नामांतरण नहीं करने पर पटवारी निलंबित, अगरा में शिविर आयोजित

### दो हितग्राहियों को दो-दो लाख अनुग्रह राशि के स्वीकृति पत्र सौपे, निराश्रित बालक कार्तिक को स्पॉन्सरशिप योजना का लाभ देने के निर्देश

**नवभारत न्यूज**
**श्योपुर, 17 दिसम्बर।** कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट श्री वर्मा ने कहा कि जनकल्याण योजनाओं का लाभ ग्रामीणो को दिया जाये, शासन की मंशानुरूप लोगों को सेवाएं और सुविधाएं उपलब्ध नही कराने वाले अधिकारियों और कर्मचारियों के खिलाफ कडी कार्यवाही की जायेंगी। वे आज नव निर्मित उप तहसील भवन अगरा में आयोजित जनसमस्या निवारण शिविर को संबोधित कर रहे थे। इस दौरान उन्होंने फोती नामांतरण की रिपोर्ट लंबित रखने पर चेटीखेडा के पटवारी दुर्गविजय जादौन को मौके पर ही निलंबित कर दिया तथा विभागीय जांच के निर्देश दिये गये। शिविर के दौरान ग्राम चेटीखेडा निवासी मांगीलाल आदिवासी द्वारा शिकायत की गई कि वे काफी दिनों से फोती नामातंरण के लिए प्रयास कर रहा है, लेकिन उसका फोती नामांतरण नही हो पा रहा है। इस पर निलंबन के साथ ही एसडीएम अभिषेक मिश्रा को निर्देश दिये कि शीघ्रता से फोती नामांतरण किया जाये तथा तहसील क्षेत्रो के ऐसे पटवारी जो रिपोर्ट को लंबित रखे हुए है, उनके खिलाफकी कार्यवाही प्रस्तुत की जायें।

शिविर के दौरान सीईओ जिला पंचायत सुश्री सौम्या आनंद, अपर कलेक्टर रूपेश उपाध्याय, एसडीओपी राघवेन्द्र सिंह तोमर, सीईओ जनपद आफिसर सिंह गुर्जर, तहसीलदार श्रीमती अमिता सिंह तोमर, नायब तहसीलदार श्रीमती रजनी बघेल, दर्शनलाल बौद्ध आदि जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहें। शिविर में 223 आवेदन प्राप्त हुए।



**दो हितग्राहियों को दो-दो लाख अनुग्रह राशि के स्वीकृति पत्र सौपे :** कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट अर्पित वर्मा द्वारा शिविर के दौरान मुख्यमंत्री जनकल्याण संबल योजना अंतर्गत अनुग्रह राशि से संबंधित दो आवेदनों का मौके पर ही निराकरण कर हितग्राहियों को स्वीकृति पत्र सौपे गये। उन्होंने ग्राम पैरा निवासी श्रीमती भूरो आदिवासी को पति स्व. प्रीतम आदिवासी की सामान्य मृत्यु पर तथा ग्राम चेटीखेडा निवासी श्रीमती नाथो आदिवासी को पुत्र स्व. छोटे आदिवासी की सामान्य मृत्यु पर दो-दो लाख रूपये की राशि के ईपीओ पत्र प्रदान किये गये।

**निराश्रित बालक कार्तिक को स्पॉन्सरशिप योजना का लाभ देने के निर्देश :** कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट अर्पित वर्मा द्वारा ग्राम डोडरी खुर्द निवासी निराश्रित बालक कार्तिक को स्पॉन्सरशिप योजना का लाभ देने के निर्देश दिये गये। बालक की दादी श्रीमती मथुरा धाकड ने बताया कि उसके पुत्र की मृत्यु हो चुकी है तथा बहु का अन्यत्र विवाह हो गया है, बालक उनके पास रहता है। इस पर महिला बाल विकास अधिकारी को स्पॉन्सरशिप योजना अंतर्गत 4 हजार रूपये की राशि प्रतिमाह प्रदाय किये जाने के निर्देश दिये गये।

**दिव्यांग रामचरण को मिली व्हीलचेयर, एक हजार रूपये की राशि भी दी :** कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट अर्पित वर्मा द्वारा दिव्यांग बालक रामचरण पुत्र जम्मू आदिवासी को सामाजिक न्याय विभाग के माध्यम से व्हीलचेयर प्रदान की गई, बालक को दिव्यांग पेंशन का लाभ पूर्व से ही मिल रहा है। इसके साथ ही बालक को संकटापन मद में 5 हजार रूपये की राशि स्वीकृत करने के निर्देश देते हुए एक हजार रूपये की नकद राशि सहायतार्थ प्रदान की गई।

**डूब क्षेत्र के लोगों के मकानों का सर्वे कराने के निर्देश :** लेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट श्री वर्मा द्वारा ग्राम चेटीखेडा के ग्रामीणों की मांग पर डूब क्षेत्र में आ रहे मकानों का सर्वे कराने के निर्देश भी राजस्व एवं जल संसाधन विभाग के अधिकारियों को दिये गये। ग्रामीणों ने बताया कि उनकी कृषि भूमि डूब क्षेत्र में आ रही है, लेकिन उनके मकान डूब क्षेत्र में आंशिक रूप से आ रहे है, ऐसे में मकानों को भी डूब क्षेत्र में शामिल किया जायें, जिससे मकानों का मुआवजा भी मिल सकें और वे जहां जमीन विस्थापन में मिलेगी, वही अपने मकान भी बना सकेंगे।

इसके साथ ही कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट अर्पित वर्मा द्वारा सहायक आयुक्त आदिम जाति कल्याण राकेश गुप्ता को निर्देश दिये कि ग्राम धामिनी में जिन लोगों को आहार अनुदान योजना का लाभ नही मिल रहा है, उन्हें लाभ प्रदान करने की कार्यवाही की जायें।

**दिव्यांगजनों के सर्टिफिक्रेट बनाने शिविर लगाने के निर्देश**

कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट श्री वर्मा द्वारा सामाजिक न्याय विभाग को निर्देश दिये कि दिव्यांगजनों के मेडिकल सर्टिफिक्रेट बनाने के लिए विजयपुर में स्वास्थ्य परीक्षण शिविर लगाये जायें, उन्होंने कहा कि इस गुरूवार को शिविर का आयोजन किया जायें तथा प्रत्येक माह के दूसरे गुरूवार को नियमित रूप से शिविर लगाकर सर्टिफिक्रेट बनाये जायें।

**नायब तहसीलदार कार्यालय शुरू करने के निर्देश**

कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट अर्पित वर्मा द्वारा ग्रामीणों द्वारा अवगत कराये जाने पर अगरा में नव निर्मित उप तहसील भवन में नायब तहसीलदार कार्यालय तीन दिवस में शुरू करने के निर्देश एसडीएम मिश्रा को दिये गये। उन्होने कहा कि जल्द ही स्टॉफकी नियुक्ति की जायें तथा नायब तहसीलदार श्रीमती रजनी बघेल नियमित रूप से उप तहसील में अपने कार्य का संचालन करेंगी। एसडीएम भी सप्ताह में कम से कम एक दिवस उप तहसील का भ्रमण कर कार्य देखेगे।

## जिले में किसानों की मांग अनुसार की जा रही उर्वरक की आपूर्ति

**नवभारत न्यूज**
**श्योपुर, 17 दिसम्बर।** कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट श्री वर्मा के मार्गदर्शन में किसानों को उनकी मांग अनुसार उर्वरक की आपूर्ति की जा रही है, जिले में 32 हजार 22 मैट्रिक टन उर्वरक का वितरण किसानों को अभी तक किया जा चुका है। इफ्को की रैक से आज 973 मैट्रिक टन यूरिया प्राप्त हुआ, जिसमें से डबल लॉक श्योपुर को 200 मैट्रिक टन, बडौदा को 90 मैट्रिक टन, विजयपुर को 120 मैट्रिक टन, मार्केटिंग वीरपुर को 50 मैट्रिक टन, कराहल को 54 मैट्रिक टन एवं पैक्स समितियों को 459 मैट्रिक टन यूरिया उपलब्ध कराया गया है।

### इफ्को की रैक से आज मिला 973 मैट्रिक टन यूरिया




उप संचालक कृषि ने बताया कि 17 दिसंबर को एचयूआरएल कंपनी की लगने वाली रैक से 261 मैट्रिक टन यूरिया उपलब्ध होगा। चंबल फर्टिलाइजर से भी 60 मैट्रिक टन यूरिया की उपलब्धता श्योपुर डबल लॉक को उपलब्ध होगी। आज डबल लॉक श्योपुर से 443 किसानो को 3 हजार 490 बैग यूरिया वितरण किया गया। बडौदा से 218 किसानों को 2 हजार 186 बैग तथा विजयपुर में 190 किसानों को 950 बैग, मार्केटिंग वीरपुर से 30 किसानों को 78 बैग का वितरण किया गया।

## अनुपस्थित चन्द्रपुरा एवं पांडोला सीएचओ को नोटिस जारी

**नवभारत न्यूज**
**श्योपुर, 17 दिसम्बर।** कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट श्री वर्मा के निर्देशन में जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. जे.एस. राजपूत द्वारा को बड़ौदा एवं कराहल विकासखंड में आयुष्मान कार्ड निर्माण की वास्तविक स्थिति का जायजा लेने हेतु आयुष्मान आरोग्यम केंद्रों का निरीक्षण किया गया।

निरीक्षण के दौरान आयुष्मान आरोग्यम केंद्र चन्द्रपुरा, पांडोला, बरोदा, आवदा एवं कालीतलाई का भ्रमण किया गया। इस दौरान चन्द्रपुरा सीएचओ तथा पांडोला में सीएचओ श्रीमती रमा यादव अपने कार्य स्थल से शाम 4 बजे ही अनुपस्थित पाए गए। लापरवाही को गंभीरता से लेते हुए दोनों के विरुद्ध कारण बताओ नोटिस जारी किए गए हैं। निरीक्षण के दौरान आयुष्मान कोऑर्डिनेटर धर्मवीर रावत भी उपस्थित रहे। जिला प्रशासन द्वारा आयुष्मान योजना के प्रभावी क्रियान्वयन एवं कार्य में लापरवाही बरतने वालों पर सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए गए हैं।

## तीन कर्मचारियों की एक-एक वेतनवृद्धि रोकी

**नवभारत न्यूज**
**श्योपुर, 17 दिसम्बर।** कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट श्री वर्मा द्वारा दिये गये निर्देशो के क्रम में भ्रमण के दौरान कमियां पाये जाने पर तीन कर्मचारियों की एक-एक वेतनवृद्धि असंचयी प्रभाव से रोकने की कार्यवाही की गई है।

कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट श्री वर्मा द्वारा गत दिनों आदिवासी बालक आश्रम बगवाज एवं आदिवासी कन्या आश्रम धीरोली तथा आदिवासी बालक आश्रम तिल्लीडेरा का निरीक्षण किया गया था, निरीक्षण के दौरान कमियां पाये जाने पर संबंधितों को कारण बताओ सूचना पत्र जारी किये गये थे। जवाब संतोषप्रद न होने से सहायक आयुक्त आदिम जाति कल्याण विभाग राकेश गुप्ता द्वारा रामरूप रावत अधीक्षक बालक आश्रम बगवाज, श्रीमती सीता नागर अधीक्षिका कन्या आश्रम धीरोली एवं अधीक्षक मोहन सिंह रावत बालक आश्रम तिल्लीडेरा की एक-एक वेतनवृद्धि असंचयी प्रभाव से रोकी गई है।

## दुग्ध समृद्धि सम्पर्क अभियान का द्वितीय चरण प्रारंभ

**नवभारत न्यूज**
**श्योपुर, 17 दिसम्बर।** मध्य प्रदेश शासन पशुपालन एवं डेयरी विभाग के निर्देशानुसार एवं कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट श्री वर्मा के मार्गदर्शन में जिले में दुग्ध समृद्धि संपर्क अभियान का द्वितीय चरण आज दिनांक 17 दिसंबर से प्रारंभ किया गया।

अभियान का मुख्य उद्देश्य पशुपालकों के घर जाकर उन्हें पशुपालन को लाभ का व्यवसाय बनाने के संबंध में प्रभावी एवं व्यावहारिक जानकारी प्रदान करना है।



कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट श्री वर्मा के निर्देशानुसार उप संचालक पशुपालन एवं डेयरी विभाग जिला श्योपुर डॉ. सुभाष बाबू दोहरे द्वारा विजयपुर विकासखंड के अंतर्गत ग्राम बरखेड़ा में पशुपालक पहलाद कुशवाह, पातीराम कुशवाह एवं लखन कुशवाह के घर गृह भेंट की गई। इस दौरान पशुपालकों को नस्ल सुधार, पशु पोषण एवं पशु स्वास्थ्य से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियाँ दी गईं।

गृह भेंट के अवसर पर विकासखंड पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ. जी.एस. गहलोत एवं सहायक पशु चिकित्सा क्षेत्र अधिकारी श्रीमती सुमन माहौर भी उपस्थित रहीं। अभियान के माध्यम से पशुपालकों को वैज्ञानिक पद्धतियों से पशुपालन कर आय में वृद्धि के लिए प्रेरित किया जा रहा है।